**राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय**
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
फोन : ०७५५-२६७८८७०
फैक्स : ०७५५-२७४२००६
ईमेल : dsw@rgpv.ac.in
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

**RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA**
(State Technological University of Madhya Pradesh)
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 462033
Phone : 0755 - 2678870
Fax : 0755 - 2742006
Email : dsw@rgpv.ac.in
Website : www.rgpv.ac.in

क्रमांक/रा.गां.प्रौ.वि./अधिष्ठाता छात्र कल्याण/2026/739

भोपाल, दिनांक 25/08/2026

## // सूचना //

प्रति,

समस्त प्राचार्य/संचालक
विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनियरिंग/फार्मेसी
एम.सी.ए./आर्किटेक्चर/पत्रोपाधि महाविद्यालय
मध्य प्रदेश

विषय :– राष्ट्रीय खेल दिवस – 2026 के अवसर पर " खेलेगा भारत, जीतेगा भारत " अभियान के संबंध में।
संदर्भ :– 01 – राज्यपाल के उपसचिव का पत्र क्रमांक 678/रा.स./यू.ए.–3/2026 दिनांक 24/08/2026
02 – श्रम एवं रोजगार व युवा कार्यक्रम एवं खेल भारत सरकार के अ.शा. पत्र क्र. 01/377/2026 – एचओ–फिट इंडिया /524 दिनांक 12/08/2026

कृपया संदर्भित पत्रों का अवलोकन कर श्रम एवं रोजगार व युवा कार्यक्रम एवं खेल भारत सरकार के राष्ट्रीय खेल दिवस – 2026 के आयोजन के संबंध में प्राप्त दिशा–निर्देशा के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करे। संलग्न पत्रों में प्राप्त निर्देशानुसार उपरोक्त कार्यवाही की जाना आपेक्षित है।
संलग्न :– संदर्भित पत्र।

(डॉ. के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

क्रमांक/रा.गां.प्रौ.वि./अधिष्ठाता छात्र कल्याण/2026/

भोपाल, दिनांक /08/2026

प्रतिलिपि
01 माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव की ओर माननीय के अवलोकनार्थ।
02 कुलसचिव के निजसहायक की ओर सूचनार्थ।
03 पोर्टल पर प्रदर्शित करने हेतु समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

(डॉ. के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

emai


राज्यपाल के उप सचिव
Deputy Secretary to Governor

सत्यमेव जयते

दूरभाष Telephone
कार्यालय OFF. : 0755–2858823–24
फैक्स FAX : 0755–2858816
लोक भवन, भोपाल–462 003
Lok Bhavan, Bhopal–462 003


ई–मेल

क्रमांकः 678 /रा.स./यू.ए.–3/2026 :: दिनांक 24/08/2026

प्रति,

कुलगुरू/कुलपति,
समस्त शासकीय विश्वविद्यालय,
मध्यप्रदेश।

विषय :– राष्ट्रीय खेल दिवस – 2026 के अवसर पर "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" अभियान के संबंध में।

सन्दर्भ :– श्रम एवं रोजगार व युवा कार्यक्रम एवं खेल भारत सरकार के अ.शा. पत्र क्र. 01/377/2026–एचओ–फिट इंडिया इंडिया/524 दिनांक 12.08.2026

---00---

कृपया विषयांतर्गत श्रम एवं रोजगार व युवा कार्यक्रम एवं खेल भारत सरकार, से प्राप्त निर्देश (संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें।

निर्देशानुसार अनुरोध है कि "राष्ट्रीय खेल दिवस 2026" के आयोजन के संबंध में प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**संलग्न – उपरोक्तानुसार**

(सुनील दुबे)
राज्यपाल के उप सचिव
मध्यप्रदेश

क्रमांकः /रा.स./यू.ए.–3/2026 :: दिनांक / /2026

प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ एवं कृपया आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. अध्यक्ष, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

राज्यपाल के उप सचिव
मध्यप्रदेश

डॉ. मनसुख मांडविया
DR. MANSUKH MANDAVIYA

सत्यमेव जयते

मंत्री
श्रम एवं रोज़गार
युवा कार्यक्रम एवं खेल
भारत सरकार
Minister
Labour & Employment
and Youth Affairs & Sports
Government of India

अ.शा.सं. 01/377/2026-एचओ-फिट इंडिया इंडिया/524

माननीय श्री मंगुभाई पटेल जी,

12 AUG 2026

जैसा कि आप अवगत होंगे, महान हॉकी खिलाड़ी **मेजर ध्यानचंद जी की जयंती** के उपलक्ष्य में तथा भारत की समृद्ध खेल विरासत का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को **राष्ट्रीय खेल दिवस** आयोजित किया जाता है। भारत को स्वस्थ, जीवंत और सक्रिय बनाए रखने के लिए खेलों को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में फिट इंडिया अभियान द्वारा **"खेलेगा भारत, जीतेगा भारत"** विषयवस्तु पर 28 से 30 अगस्त, 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से **राष्ट्रीय खेल दिवस 2026** मनाए जाने का प्रस्ताव है। इस अभियान में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों, शैक्षणिक संस्थानों, खेल निकायों, कार्यस्थलों तथा जीवन के सभी क्षेत्रों के जुड़े नागरिकों की प्रतिभागिता की परिकल्पना की गई है।

इस वर्ष, राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का केंद्र बिंदु **"एक घंटा खेल के मैदान में"** है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक नागरिक कम से कम एक घंटे के लिए खेल के मैदान में खेलेगा। दिनांक 28, 29 और 30 अगस्त की कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत पत्राचार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, खेल विभाग के सचिव की ओर से आपके राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य सचिव को भेजा जाएगा।

राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होने के नाते, मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के समारोह का नेतृत्व करते हुए शैक्षणिक संस्थानों को इस उपलक्ष्य में गतिविधियों का आयोजन करने तथा खेल भावना और फिटनेस की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित करें।

मुझे आशा है कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 को राष्ट्रव्यापी रूप से सफल बनाने में, आप अपना बहुमूल्य नेतृत्व और सहयोग प्रदान करेंगे।

सादर,

आपका

(डॉ. मनसुख मांडविया)

श्री मंगुभाई छ. पटेल
माननीय राज्यपाल, मध्य प्रदेश
राजभवन, भोपाल
मध्य प्रदेश - 462 003

LOK BHAVAN BHOPAL
US (U)
17 AUG 2026

PS
DS
SO (U)